

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

खबर संक्षेप

शहर में गूंजेगी भजन सम्राट दिलीप षडंगी की भक्ति की स्वर लहरियां, 14 अक्टूबर को होगा भव्य जगराता

कवर्धा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर धर्मनगरी कवर्धा भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर होने जा रही है। शहरवासियों के लिए इस बार



नवरात्रि का उत्सव बेहद खास होने वाला है, क्योंकि पीजी कॉलेज मैदान में सजेगी भक्ति की महफिल, भक्तिमय जगराता आयोजन समिति ने की भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर है। बताया जाता है कि लगभग 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट दिलीप षडंगी कवर्धा की धरती पर अपनी भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देने जा रहे हैं। भक्तिमय जगराता आयोजन समिति द्वारा 14 अक्टूबर को शहर के पीजी कॉलेज मैदान में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और माता के भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस भव्य जगराता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोनू ठाकुर, अमन ठाकुर, राहुल, अमन सिंह, उदय सिंह, अभिषेक सिंह, कृष्णा सिंह और सुमित सिंह सहित समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। भक्तिमय जगराता आयोजन समिति के अमन सिंह ने बताया कि मां दुर्गा की आराधना, भक्ति गीतों और माता के जयकारों के बीच आयोजित होने वाला यह जगराता कार्यक्रम नवरात्रि के उत्साह को और भी खास बनाएगा। भजन सम्राट दिलीप षडंगी की सुमधुर आवाज में माता के भजनों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेगी।

शहर सहित क्षेत्र में आज विराजेंगी मां दुर्गा प्रतिमाएं

कोलेगांव। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित



आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। मां दुर्गा के आगमन को लेकर गांव-गांव में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही मां महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार जोत-जवारा, ज्योति कलश एवं दुर्गा माता की स्थापना की जाएगी। नवरात्रि पर्व को लेकर कोलेगांव के साथ धनेली, भगतपुर, बसनी, मोहगांव, सोढ़ा, पिपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, अमली-मालगी, कुआंमालगी, निगापुर, सेमरकोना, घोरपेंड्री, पेंड्रीकला, कुण्डा और दामापुर सहित आसपास के गांवों में उत्सव का वातावरण दिखाई दे रहा है। श्रद्धालु माता रानी के स्वागत के लिए अपने घरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और रंगोली बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं दुर्गा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक पर्व के दौरान विभिन्न दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना, जसगीत, जगराता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों के साथ बच्चे, युवा और बुजुर्ग भी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

शहर से गांव तक गूंजेंगे जय माता दी के जयकारे, नवरात्रि पर्व आज से प्रारंभ

बरबसपुर। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर शहर सहित ग्रामीण अंचलों में उत्साह का माहौल है। माता रानी के स्वागत के लिए मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक सजावट की जा रही है। वहीं दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा भव्य पंडालों का निर्माण कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिरों और दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना, जसगीत और जय माता दी के जयकारे गूंजेंगे। रविवार से नवरात्रि पर्व की शुरुआत होगी।

बिना सार्वजनिक विज्ञापन नियुक्ति का आरोप, निष्कासित अभ्यर्थी के चयन पर आपत्ति

पेंड्रीकला सोसायटी भर्ती में गडबड़ी के आरोप, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पंडरिया ब्लॉक की पेंड्रीकला सेवा सहकारी समिति में भर्ती प्रक्रिया विवादों में घिर गई है। विक्रेता, प्रभारी प्रबंधक और लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर हुई नियुक्तियों में नियमों की अनदेखी और पारदर्शिता नहीं बरतने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता देवी चंद्राकर ने चयनित अभ्यर्थी दुष्यंत कुमार शर्मा की नियुक्ति पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि उन्हें पूर्व में गबन के आरोप में समिति से निष्कासित किया जा चुका है।

मामले में सहकारिता निरीक्षक अरविंद कुमार वैष्णव की भूमिका की जांच की मांग भी की गई है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जांच के आदेश दिए हैं। अब जांच में सामने आने वाले तथ्यों पर मामले की दिशा तय होगी।

शिकायतकर्ता देवी चंद्राकर के अनुसार समिति में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए सार्वजनिक विज्ञापन जारी नहीं किया गया। आरोप है कि निर्धारित नियमों और पारदर्शिता का पालन किए बिना नियुक्तियां की गईं। शिकायत में पूरी भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है, ताकि नियुक्तियों से संबंधित तथ्यों और प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति, भर्ती प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी



शिकायत में चयनित अभ्यर्थी दुष्यंत कुमार शर्मा को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि शर्मा को करीब पांच वर्ष पहले गबन के आरोप में रूसे सोसायटी से निष्कासित किया गया था और संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद पंड्रीकला समिति की भर्ती प्रक्रिया में उनके शामिल होने और चयन किए जाने पर आपत्ति जताई गई है। इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

सहकारिता निरीक्षक की भूमिका की जांच की मांग

शिकायतकर्ता देवी चंद्राकर ने सहकारिता निरीक्षक अरविंद कुमार वैष्णव की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता पाए जाने पर नियुक्तियां निरस्त करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जांच रिपोर्ट पर टिकी नजरें मामले में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद अब जांच प्रक्रिया और उसकी रिपोर्ट पर नजरें टिकी हैं। जांच में भर्ती से संबंधित नियमों, विज्ञापन प्रक्रिया, चयन के आधार और लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। फिलहाल आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई।

क्षेत्र में श्रद्धापूर्वक किए गए श्राद्ध कर्म पितर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पितृ पक्ष के समापन पर पूर्वजों को विधि-विधान और श्रद्धापूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर लोगों ने अपने पितरों का स्मरण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए। भारतीय संस्कृति में पितृ पक्ष को पूर्वजों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और पारिवारिक परंपराओं के निर्वहन का महत्वपूर्ण समय माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन मास की अमावस्या तक की अवधि को पितृ पक्ष कहा जाता है। इसे सामान्यतः 16 दिनों का पक्ष माना जाता है। इस दौरान परिवार के लोग अपने दिवंगत पूर्वजों को याद करते हैं और उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध एवं तर्पण करते हैं। श्राद्ध शब्द श्रद्धा से बना है, जिसका अर्थ है पूरी आस्था और विश्वास के साथ अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करना। पितृ पक्ष में तर्पण का विशेष महत्व है। धार्मिक परंपरा के अनुसार जल, काले तिल, कुश और पुष्प आदि के माध्यम से पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक जल अर्पित किया जाता है। इस दौरान पितरों का स्मरण करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और पूर्वजों की शांति की कामना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि पितृ पक्ष में श्रद्धापूर्वक किए गए श्राद्ध, तर्पण और दान से पूर्वज तृप्त होते हैं तथा अपने वंशजों को संतान, दीर्घायु, धन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन अधिकारी-कर्मचारी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा







कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव द्वारा प्रारंभ किए गए कॉप आफ द मंथ के तहत सितंबर 2026 माह के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया है। जिस पर कबीरधाम जिला के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों में बेहतर कार्य करने की प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देने तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह दूसरा माह है। सितंबर माह में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं बेहतर परिणाम देने वाले यातायात शाखा के उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी, साइबर थाना गज्जू सिंह राजपूत एवं थाना बोड़ला आरक्षक रतिराम यादव को चयनित किया गया। इसके साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नाबालिग बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से लगभग 1000 आवारा पशुओं के गले एवं सींग में रेडियम पट्टी लगाकर रात्रि के समय वाहन चालकों को पशुओं की मौजूदगी स्पष्ट दिखाई देने में मदद करने का सराहनीय कार्य किया गया।

ग्राम बहरमुड़ा में आंगन मिलन उत्सव आयोजित



कांग्रेस ने 'वोट चोर–गद्दी छोड़' के नारों के साथ निकाली रैली, किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के नेतृत्व में शनिवार, 10 अक्टूबर को 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत रैली निकालकर पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "वोट चोर–गद्दी छोड़, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो" के नारे लगाए और मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुद्धता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर पर्याप्त पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की जा रही है। पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा पर निर्भर करती है।

गांव-गांव तक पहुंचेगा अभियान

कांग्रेस नेता ईश्वर वर्मा ने कहा कि 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत आम नागरिकों को उनके मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यकर्ता मतदाता सूची में नाम जांचने और त्रुटि होने पर नियमानुसार सुधार कराने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, मंडल एवं सेक्टर कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन और बूथ स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पुलिस ने 16 किलो गांजा के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा 7.68 लाख का सामान जब्त

बेमेतरा। जिले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साइबर सेल एवं बेरला पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 16 किलो 180 ग्राम गांजा, गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार, नकदी और तीन मोबाइल सहित कुल 7 लाख 68 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपी एस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को थाना बेरला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 6717 में गांजा छिपाकर महासमुंद जिले के पिथौरा की ओर से सिमगा, सोमनाथ, जमघट और चेटवा होते हुए बेरला लाया जा रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा और थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। पुलिस टीम ने ग्राम जमघट में खारून नदी के पास मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान कार में गांजा मिलने पर पुलिस ने उसमें सवार सूरज कुमार साहू (34) और साहिल साहू (21), दोनों निवासी खर्रा थाना बेरला को पकड़ा।

बेरला में ज्योति कलश यात्रा और मशाल रैली, जिपं अध्यक्ष कल्पना हुईं शामिल

बेमेतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बेरला मंडल में ज्योति कलश यात्रा एवं मशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। हाथों में मशाल लेकर निकले प्रतिभागियों ने सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों से जोड़ने का आह्वान किया गया। रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रति जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होना सेवा, समर्पण और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध को स्मरण करने का अवसर है। जनसेवा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आम नागरिक सेवा के संकल्प के साथ मिलकर आगे बढ़ें, तो सामाजिक कार्यों को नई दिशा मिल सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के इंदौरी मंडल के ग्राम पंचायत बहरमुड़ा में आंगन मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 2 से जुड़ी कार्यकर्ताओं और महिलाओं की सहभागिता रही। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में हुआ आयोजन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आदेशानुसार और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी और जिला महामंत्री गौरी देवी साहू उपस्थित रहीं। आयोजन का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित करना रहा। बहरमुड़ा में आयोजित आंगन मिलन उत्सव के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और लाभार्थी महिलाओं को एक मंच पर लाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान को सम्मान देने के साथ ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी गतिविधियों को भी महत्व दिया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति खरे, पिंगला कुर्रे, ममता साखरे, कीर्ति धृतरा, लहरे, गौरी साखरे, चंद्रिका दरिया, शिवकुमारी यादव और ममता साहू सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। आयोजन में स्वस्थ शिशु से जुड़े प्रतिभागियों, गर्भवती महिला पूजा कश्यप और प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रीति लहरिया का भी उल्लेख किया गया।

पेज 3 के शेष

बारगांव के तीन हॉकी ...

पदक अपने नाम किया।

खिलाड़ियों के अनुशासन और समर्पण का परिणाम : व्यायाम शिक्षिका एवं हॉकी प्रशिक्षक तुलसी साहू ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, खेल के प्रति समर्पण और मैदान पर सूझबूझ का यह सुखद परिणाम है। दुर्ग संभाग को प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान दिलाना लक्ष्य था, जिसे खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से पूरा किया। तीन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त स्टाफ और बारगांव संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नवरात्रि में जाम से राहत...

आवागमन से राहत दिलाना है। अब कार्रवाई की निरंतरता और निर्धारित पार्किंग स्थलों के प्रभावी उपयोग से ही स्पष्ट होगा कि नवरात्रि के दौरान बाजारों तथा मंदिर मार्गों पर यातायात व्यवस्था कितनी सुचारु रह पाती है।

अवैध शराब के...

ठाकुर (40), नांदघाट निवासी तोरन यादव (28), ग्राम सिघनपुरी निवासी इंद्रकुमार टंडन (34), ग्राम करमतरा निवासी उबारन दास (35) और ग्राम सिरसा निवासी धनेश्वरी (39) को पकड़ा गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत पांच प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

जांच के दौरान अनुमोदित स्रोत प्रमाण पत्र नहीं मिला

अनियमितताएं मिलने पर कृषि केंद्र में कीटनाशक बिक्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



जिले में कृषि आदान विक्रय केंद्रों की जांच के दौरान साजा विकासखंड के एक कीटनाशक विक्रय केंद्र में अनियमितताएं सामने आई हैं। ग्राम चेनानमेटा (बिरनपुर) स्थित मेसर्स शौर्य कृषि केंद्र के औचक निरीक्षण में आवश्यक दस्तावेजों की कमी और अभिलेखों के संधारण में लापरवाही पाए जाने पर वहां बिना अनुमोदित स्रोत से प्राप्त कीटनाशकों के विक्रय, वितरण और स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखंड साजा के कीटनाशक निरीक्षक ने शौर्य कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण कर कीटनाशकों के भंडारण एवं विक्रय से संबंधित अभिलेखों और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान केंद्र में कीटनाशकों के भंडारण एवं विक्रय के लिए अनुमोदित स्रोत प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं पाया गया। इसके अलावा स्टॉक पंजी का नियमानुसार संधारण नहीं होने और मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किए जाने जैसी अनियमितताएं भी सामने आईं। निरीक्षण में मिली इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कृषि केंद्र में उपलब्ध बिना अनुमोदित स्रोत के कीटनाशकों की बिक्री, वितरण और स्थानांतरण पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही संस्थान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में स्पष्टीकरण देने तथा आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि विभाग की इस कार्रवाई से कीटनाशक विक्रय केंद्रों में आवश्यक दस्तावेजों के संधारण और निर्धारित नियमों के पालन का मुद्दा सामने आया है। अब संबंधित संस्थान के स्पष्टीकरण और प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

- स्टॉक पंजी और मूल्य सूची में भी मिली खामियां



तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

04 बुचीपुर महामाया धाम में आज से नवरात्रि...



04 नवरात्रि को लेकर देवकर के बाजार में बढ़ने लगी ...



नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

बारगांव के तीन हॉकी खिलाड़ियों ने चमकाया नाम, राज्य स्तर पर जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

चिंताराम पटेल के गोलों से बालक टीम को मिली मजबूती, निधि पाटिल और निशा साहू के प्रदर्शन से बालिका वर्ग में भी दुर्ग संभाग चैंपियन

बिलासपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में बारगांव के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। 19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग की इस प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की दोनों टीमें चैंपियन बनीं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के तीन खिलाड़ियों चिंताराम पटेल, निधि पाटिल और निशा साहू ने अपने खेल कौशल से टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका एवं हॉकी प्रशिक्षक तुलसी साहू के मार्गदर्शन में तैयार इन खिलाड़ियों की सफलता से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष है। बालक वर्ग में बारगांव के चिंताराम पटेल ने अपने शानदार मैदानी खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

उन्होंने रायपुर के खिलाफ पहले ही मुकाबले में दो मैदानी गोल दागे। इसके बाद सरगुजा के विरुद्ध भी दो गोल कर दुर्ग संभाग की टीम को मजबूती दी। उनके आक्रामक खेल ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुर्ग संभाग की बालक टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा। टीम ने रायपुर को 10-0, सरगुजा को 7-1 और बिलासपुर को 13-0 से हराया। वहीं, अंतिम मुकाबले में बस्तर को 6-1 से शिकस्त देकर स्वर्ण ⏭शेष पेज 02 पर

निधि और निशा के प्रदर्शन से बालिका टीम बनी चैंपियन

बालिका वर्ग में बारगांव की निधि पाटिल और निशा साहू ने भी अपने उत्कृष्ट खेल से दुर्ग संभाग की जीत में अहम भूमिका निभाई। निधि ने सरगुजा संभाग के खिलाफ शानदार गोल कर टीम को मजबूती प्रदान की, जबकि निशा ने भी अपने खेल कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। दुर्ग संभाग की बालिका टीम ने प्रतियोगिता में अजेय रहते हुए बिलासपुर को 7-0, सरगुजा को 7-0 और बस्तर को 8-1 से हराया। अंतिम मुकाबले में रायपुर को 7-0 से शिकस्त देकर टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।



सीमित संसाधनों में मेहनत से मिली सफलता

विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय के साथ पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन प्रशिक्षण और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत से यह उपलब्धि हासिल हुई है। संकुल समन्वयक सुरेंद्र पटेल ने कहा कि बारगांव के खिलाड़ियों की यह सफलता पूरे संकुल के लिए गर्व का विषय है।

दुकानों के बाहर तीन फीट से अधिक सामान रखने पर होगी जब्ती, ई-रिक्शा के लिए तय होंगे पार्किंग स्थल

नवरात्रि में जाम से राहत दिलाने नगर पालिका ने तेज की अतिक्रमण हटाने की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि में मंदिरों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ और शहर के मुख्य बाजारों में लगने वाले जाम से निपटने के लिए नगर पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है। पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने में परेशानी न हो, इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने टीम के साथ नवीन बाजार, शीतला मंदिर मार्ग और माता भद्रकाली मंदिर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्थित पार्किंग और दुकानों के बाहर सामान फैलाकर किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद मौके पर ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। साथ ही ई-रिक्शा और श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने स्पष्ट किया कि नवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर के बाजारों और प्रमुख मंदिर मार्गों पर व्यवस्था सुधारने का अभियान लगातार जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाने, पार्किंग को व्यवस्थित करने और यातायात सुचारु रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पालिका की इस कार्रवाई का प्रमुख उद्देश्य प्राचीन मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को जाम और अव्यवस्थित ⏭शेष पेज 02 पर

दुकानों के बाहर तीन फीट से ज्यादा सामान निकाला तो होगी जब्ती

मां शीतला मंदिर मार्ग पर दुकानों के बाहर सामान फैलाकर रखने के मामले में नगर पालिका ने व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी है। पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मुनादी कराकर व्यापारियों को निर्धारित सीमा के भीतर ही सामान रखने की हिदायत दी है। शहर के मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा की बेतरतीब पार्किंग यातायात व्यवस्था के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान नहीं होने से बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक सड़क किनारे और बाजार के आसपास वाहन खड़े कर देते हैं। इससे आवागमन बाधित होता है और कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। नवरात्रि के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए पालिका ने इसका वैकल्पिक समाधान तैयार किया है।



अधूरे कॉम्प्लेक्स के कारण अस्थायी कब्जा निर्माण पूरा होने पर दुकानों में होंगे शिफ्ट

माता भद्रकाली कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके कारण कुछ लोग फिलहाल वहां अस्थायी रूप से बैठ रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के अनुसार, कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य पूरा होते ही संबंधित लोगों को आवंटित दुकानों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। निर्माण पूरा होने के बाद व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मंदिर क्षेत्र में बिखरी व्यावसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

73 हजार से अधिक का सामान जब्त

अवैध शराब के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा। जिले में अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को पकड़ा है। थाना बेमेतरा, नांदघाट, नवागढ़, साजा और चौकी देवकर की पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से 76 पौवा देशी मसाला और अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने शराब, बिक्री की रकम और परिवहन में प्रयुक्त दोपहिया वाहनों सहित कुल 73,260 रुपये का सामान जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान पेट्रोल पंप के पास बेमेतरा, टेमरी मरघट के पास, साल्हेघोरी रोड नवागढ़, कॉलेज मैदान अमलीडीह के पास तथा दुर्ग-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर आकाश चाय दुकान के सामने से आरोपियों को पकड़ा गया। उनके कब्जे से कुल 13 हजार 680 मिलीलीटर शराब, जिसकी कीमत 7,160 रुपये बताई गई है, और शराब बिक्री की 1,100 रुपये की रकम बरामद की गई। इसके अलावा शराब के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी सहित दोपहिया वाहनों की कीमत करीब 65 हजार रुपये आंकी गई है।

- पांच थानों और चौकी की संयुक्त कार्रवाई

ये आरोपी पकड़े गए : पुलिस की कार्रवाई में बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 18 निवासी मिथलेश ⏭शेष पेज 02 पर





खबर संक्षेप

अग्रसेन जयंती महोत्सव में कांतारा की झांकी ने मोहा मन

थान खम्हरिया। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे बालक लव बिंदल, पिता वैभव बिंदल एवं रश्मि बिंदल द्वारा कांतारा की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी ने उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और खूब प्रशंसा बटोरी। कांतारा की झांकी कर्नाटक की प्राचीन लोककथाओं, परंपराओं और देवी-देवताओं से जुड़ी मान्यताओं पर आधारित थी। इसमें प्रकृति, जंगल, फसल और गांव की रक्षा करने वाले दैवीय स्वरूप को दर्शाया गया। कांतारा की परंपरा में पूजित दैवीय शक्ति को भगवान विष्णु के वराह अवतार से जोड़कर भी देखा जाता है। वहीं, इस परंपरा में भगवान शिव के उग्र स्वरूप और अन्याय के विरुद्ध न्याय दिलाने वाली शक्ति का भाव भी दर्शाया जाता है। नन्हे बालक द्वारा प्रस्तुत इस झांकी में पारंपरिक वेशभूषा, भाव-भंगिमा और प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रभावित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बालक के प्रयास की सराहना की। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान प्रस्तुत इस झांकी ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ दिया।

विजय शर्मा पर बयानबाजी को मूलचंद शर्मा ने बताया राजनीतिक हताशा

साजा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के खिलाफ कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा की जा रही बयानबाजी पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी मूलचंद शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



उन्होंने कहा कि विजय शर्मा ने नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में सक्रिय भूमिका निभाकर प्रदेश में शांति स्थापित करने और विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे जनप्रतिनिधि के खिलाफ लगातार आरोप लगाना राजनीतिक हताशा और पूर्वाग्रह को दर्शाता है। मूलचंद शर्मा ने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा ने बस्तर के दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर नक्सलवाद के उन्मूलन के अभियान को मजबूती देने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सलमुक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है।

देवी भागवत कथा, शिव शक्ति आराधना, रामधुनी-झांकी और नृत्य प्रतियोगिता होगी आकर्षण का केंद्र

बुचीपुर महामाया धाम में आज से नवरात्रि महोत्सव, 20 तक होंगे धार्मिक आयोजन

बेमेतरा। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के केंद्र मां महामाया धाम बुचीपुर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले महोत्सव में देवी भागवत महापुराण कथा, शिव शक्ति आराधना, रामधुनी-झांकी, जस झांकी और नृत्य प्रतियोगिता सहित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में सजावट, ज्योति कलश स्थापना, भोजन-भंडारा, पेयजल और मंच व्यवस्था की गई है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। श्री सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया धाम धार्मिक सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर को ब्रह्म मुहूर्त में ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ होगा। इसी दिन से श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा एवं शिव शक्ति आराधना महोत्सव प्रारंभ होगा, जो 20 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक भाटापारा के कथा व्यास पंडित जमन प्रसाद शास्त्री कथा का वाचन करेंगे। इस दौरान श्रद्धालु देवी महिमा से जुड़े प्रसंगों का श्रवण कर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होंगे।

महोत्सव में धार्मिक आयोजनों के साथ क्षेत्रीय लोककला एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 14 अक्टूबर को पेंडितराई, बेमेतरा के जय मां महामाया झांकी परिवार द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 15 अक्टूबर को दयालपुर का मां शारदा म्यूजिक ग्रुप सांस्कृतिक कार्यक्रम देगा। 16 अक्टूबर को पेंडितराई, जिला कबीरधाम की जय मां शीतला रामधुनी झांकी मंडली रामधुनी एवं झांकी की प्रस्तुति देगी। 17 अक्टूबर को एक दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें प्रतिभागियों को अपनी नृत्य प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। वहीं, 19 अक्टूबर को भीमभौरी, बेरला के भारत दर्शन जस झांकी परिवार द्वारा रंगारंग जस-झांकी प्रस्तुत की जाएगी।



मां महामाया धाम बुचीपुर में आज से नवरात्रि पर्व

नवागढ़। जिले के प्रसिद्ध मां महामाया धाम बुचीपुर में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 11 से 20 अक्टूबर तक यहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पर्व का शुभारंभ 11 अक्टूबर को ब्रह्म मुहूर्त में ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक भाटापारा के पंडित जमन प्रसाद शास्त्री द्वारा श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान 14 अक्टूबर को महामाया झांकी, 15 को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 16 को रामधुनी-झांकी और 17 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं, 19 अक्टूबर को जस-झांकी के साथ कन्या पूजन एवं हवन-अनुष्ठान होगा। मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, भोजन-भंडारा, सजावट और ठहरने सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। समिति ने श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लेने और धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनने की अपील की है।

मां कालिका के दरबार में गूंजेंगे वैदिक मंत्र, तड़के 3:45 बजे होगा दीप प्रज्वलन

बेमेतरा। नगर के प्रसिद्ध सिद्ध शक्ति देवी कालिका मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। मां कालिका के दरबार को भव्य रूप से सजाने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। नवरात्रि पर्व को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्तिभाव का माहौल है। पर्व के शुभारंभ पर ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 3 बजकर 45 मिनट पर दीप प्रज्वलित किया जाएगा। नवरात्रि के पावन अवसर पर पंडित शुभम महाराज विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के



साथ मां कालिका की पूजा-अर्चना संपन्न कराएंगे। दीप प्रज्वलन के साथ ही मंदिर में नवरात्रि पर्व की धार्मिक गतिविधियों का शुभारंभ होगा। इस दौरान श्रद्धालु मां कालिका के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे और सुख-समृद्धि की कामना के साथ माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि सिद्ध शक्ति देवी कालिका मंदिर नगर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्रि के दौरान यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए मंदिर परिसर में तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे शांतिपूर्ण वातावरण में मां की आराधना कर सकें।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए प्रचार रथ रवाना



बेमेतरा। मानसिक परेशानियों को छिपाने के बजाय उन्हें साझा करना और समय पर विशेषज्ञों से सलाह लेना मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसी उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में रायपुर की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुचिता गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय "मानसिक स्वास्थ्य—सुनें, समझें, स्वीकार करें एवं साथ चलें" रखा गया। इसके माध्यम से लोगों को दूसरों की भावनाओं को समझने, उनकी परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुनने और कठिन परिस्थितियों में सहयोग देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान गोपिका जायसवाल, प्रीति जंघेल, सुश्री भारती घृतलहरे तथा जिला चिकित्सालय में पदस्थ मितानिन श्रीमती जानकी साहू और श्रीमती रेखा पांडे ने मंचीय नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों को प्रस्तुत किया।

- जिला चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजन

जिलेभर में पहुंचकर जागरूक करेगा प्रचार रथ

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रवाना किया गया प्रचार रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देगा। इसके माध्यम से मानसिक रोगों के लक्षणों की पहचान, समय पर परामर्श लेने और जरूरतमंदों को उपचार से जोड़ने के लिए जागरूकता फैलाई जाएगी। कार्यक्रम में सीएमएचओ कार्यालय से डीएचओ डॉ. बी.एल. राज, जिला अकाउंट मैनेजर ओ.पी. कश्यप, आरएमएनसीएचए के राहुल राय और एमसीएच मेट्रॉन श्रीमती आरती दत्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

चुनाव आयोग पर सवाल उठाने वाले विपक्ष पर बरसे भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू

बेमेतरा। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्षी दलों के प्रदर्शन और इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा के जिला अध्यक्ष अजय साहू ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग देश की संवैधानिक संस्था है और उसकी विश्वसनीयता पर लगातार सवाल खड़े करने के बजाय विपक्ष को अपनी शिकायतें ठोस तथ्यों और प्रमाणों के साथ सामने रखनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि लोकतंत्र की चिंता चुनाव के समय ही क्यों जताई जाती है और संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक टकराव का केंद्र क्यों बनाया जाता है? अजय साहू ने कहा कि चुनाव आयोग किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नहीं, बल्कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था है। लोकतंत्र में असहमति और सवाल उठाने का अधिकार सभी को है, लेकिन हर असहमति को टकराव में बदलना और प्रत्येक संवैधानिक प्रक्रिया पर संदेह जताना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए कि चुनावी व्यवस्था पर सवाल उठाने के पीछे उसके पास ठोस आधार क्या हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। यदि मतदाता सूची या चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह की अनियमितता की शिकायत है, तो उसे तथ्यों और प्रमाणों के साथ उचित मंच पर उठाया जाना चाहिए।



मताधिकार की सुरक्षा और पारदर्शिता जरूरी

साहू ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता लोकतंत्र के महत्वपूर्ण आधार हैं। किसी भी तरह की अनियमितता सामने आने पर नियमानुसार जांच होनी चाहिए, लेकिन बिना प्रमाण निष्कर्ष निकालना और राजनीतिक आरोपों को अंतिम सत्य की तरह प्रस्तुत करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों की जिम्मेदारी है। देश की जनता राजनीतिक दलों से जिम्मेदार व्यवहार, जवाबदेही और रचनात्मक सुझावों की अपेक्षा करती है। विपक्ष को विरोध-प्रदर्शन के साथ तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखने और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जिम्मेदारी निभाने पर भी ध्यान देना चाहिए।

बेरला में सर्वसम्मति से हुआ पदाधिकारियों का चयन

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों का गठन, सुरेंद्र बने ब्लॉक संयोजक

बेमेतरा। विकासखंड बेरला में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक में ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में सुरेंद्र कुमार पटेल को ब्लॉक संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक प्रांत संयोजक कमल वर्मा के निर्देशन में जिला संयोजक नानक साहू की उपस्थिति में स्थानीय विश्राम गृह बेरला में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासखंड स्तर पर फेडरेशन की नई कार्यकारिणी गठित कर संगठन को मजबूत बनाना और कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए सामूहिक प्रयास करना रहा। इस



दौरान जिला संयोजक नानक साहू के साथ जिला महासचिव जीएल खुटियारे, कोषाध्यक्ष विजय कुमार टंडन, जिला मीडिया प्रभारी केएस परते तथा सचिव राजेश यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से हुए चयन में संतोष कुमार वर्मा को ब्लॉक उपसंयोजक, जेएस नटियाल को महासचिव, केहर सिंह साहू को कोषाध्यक्ष, राकेश बंछोर को सचिव, अजीत कुमार वर्मा को प्रचार सचिव, ओम कुमार साहू को प्रवक्ता तथा भूपेंद्र कुमार बंजारे को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं खेमू लाल श्रीवास्तव और खिलेन्द्र कोसरे को सक्रिय सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रफुल्ल वर्मा, रामजी साहू, दीपक ऑडिल, जितेंद्र वर्मा और कमलेश कुमार चेलक का चयन किया गया। सभी पदाधिकारियों का चयन आपसी सहमति से किया गया।नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए जिला संयोजक नानक साहू ने कहा कि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने विभिन्न कर्मचारी संगठनों को एक मंच पर लाकर सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रभावी क्षमता दिखाई है। संगठन की मजबूती उसकी एकजुटता में है। उन्होंने कहा कि प्रांत संयोजक कमल वर्मा कर्मचारियों के हितों से जुड़े विषयों पर सक्रियता से कार्य करते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कर्मचारी बेझिझक अपनी बात संगठन के समक्ष रख सकते हैं।

नवरात्रि को लेकर देवकर के बाजार में बढ़ने लगी रौनक

देवकर। शारदीय नवरात्रि के आगमन के साथ ही देवकर में पर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है, वहीं बाजार में भी त्योहार की रौनक बढ़ने लगी है। आगामी दिनों में फल-फूल, नारियल, चुनरी, अगरबत्ती और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है।

नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और ज्योति प्रज्वलन के लिए श्रद्धालु विभिन्न पूजन सामग्रियों की खरीदारी करते हैं। इसे देखते हुए स्थानीय दुकानदार भी त्योहार के मद्देनजर तैयारियों में जुटे हैं। फल-फूल और पूजन सामग्री के कारोबार से जुड़े व्यापारियों को इस



बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। पर्व के दौरान बाजार में खरीदारी बढ़ने से स्थानीय कारोबार को भी गति मिलने की संभावना है।

इधर, नवरात्रि को लेकर धार्मिक स्थलों और मंदिरों में भी तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालु पूजा-पाठ और व्रत की तैयारियों में जुटे हैं। पर्व के नजदीक आने के साथ ही बाजार में चहल-पहल और बढ़ने की संभावना है।

एचआईवी जागरूकता रैली निकाल विद्यार्थियों ने दिया बचाव और भेदभावमुक्त समाज का संदेश

बेमेतरा। एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला मुख्यालय में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहभट्ठा के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अस्पताल और जीवन रेखा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों और संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर आम नागरिकों को भी



जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी चंद्र प्रकाश, डॉ. विकास मेश्राम, आईसीटीसी काउंसलर पुराणिक नायक और विद्यालय के प्राचार्य मनमोहन अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने एचआईवी संक्रमण फैलने के कारणों, इससे बचाव के तरीकों और समय पर सही जानकारी प्राप्त करने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही समाज में प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ भेदभाव नहीं करने की अपील की। मार्गदर्शन सत्र के बाद विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों ने "हम सबने मिलकर ठाना है, एड्स को दूर भगाना है" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया। रैली के जरिए सही जानकारी अपनाने, संक्रमण से बचाव के उपायों को समझने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी चंद्र प्रकाश, लैब टेक्नीशियन संजय तिवारी, आईसीटीसी काउंसलर पुराणिक नायक, विद्यालय के प्राचार्य मनमोहन अग्रवाल तथा जीवन रेखा फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक डॉ. विकास मेश्राम सहित भुवनेश्वर गेंदले, मिकेश मानिकपुरी, महेश चतुर्वेदी, आशा चेलक, बसंत टंडन, नीरज सेन, नीलम पारधी, धनेश्वरी यादव, राजेश यादव, किरण श्रीवास, हिना साहू, डालिमा सोनी, कामनी साहू और शेखर साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Vijay Vachhani
DrNB (Nephrology)
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
जुनवानी रोड, टी.आई. मॉल के पास, भिलाई
77228 80844, 0788-2294440
Deepak Ad./119/2

लगातार पेट दर्द गांठ या सूजन को नजरअंदाज न करें।
समय पर विशेषज्ञ से मिलें।
देर न करें
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
मस्तिष्क (न्यूरो) विभाग
• सिर की चोट (हेड इंजरी)
• स्पोंडिलाइटिस
• ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
• स्पाइन एवं ब्रेन सर्जरी
• स्पाइन ट्यूमर
• स्लिप डिस्क, साइटिका
• लकवा, मिर्गी
• सिर का बडा होना और सिर में पानी भरना (Hydrocephalus)
महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.) 9302734809
सरायपाली (छ.ग.) 8370008558
जगदलपुर (छ.ग.) 8435908123
#Rajesh

खपरी धोबी स्कूल में 'नन्हा संवादलोक' नवाचार की शुरुआत

साजा। बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल, जिज्ञासा और अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में बस्ता विहीन शनिवार के अवसर पर 'नन्हा संवादलोक' नामक अनूठे नवाचार की शुरुआत की गई। इस नवाचार के अंतर्गत बच्चे नन्हे रिपोर्टर बनकर विद्यालय में आने वाले अतिथियों, अधिकारियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों का साक्षात्कार लेंगे। इसका उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर वास्तविक जीवन से जोड़ना और उन्हें प्रश्न पूछने तथा नए अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान करना है।

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागराज, राहतेल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकापेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

पाठक सूचना
देवकर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
संवाददाता : गफ्फार मोहम्मद
रिजा न्यूज एजेंसी
पता : पुष्टी अमृत तूल्य, देवकर
मो. 8349494209